http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

# MP BOARD CLASS 9 EXAM 2014

# हिन्दी (विशिष्ट) : कक्षा IX

• वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. दिए गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—** 5 × 1 = 5

(i) मीराबाई को ………… रत्न प्राप्त हो गया था। *(राम रूपी/शिव रूपी)*

(ii) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्त्वों को ………… कहते हैं। *(अलंकार/रस)*

(iii) रेलगाड़ी ………… शब्द है। *(यौगिक/योगरूढ़)*

(iv) नारियल का फल ऊपर से ………… होता है। *(कठोर/सरस)*

(v) हमारी पृथ्वी को सूर्य की परिक्रमा करने में ………… दिन लगते हैं। (365/345)

उत्तर—(i) राम रूपी, (ii) अलंकार, (iii) यौगिक, (iv) कठोर, (v) 365।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए—** 5 × 1 = 5

**(i) जो पढ़ा-लिखा न हो, उसे कहते हैं—**

(अ) अनपढ़, (ब) गँवार, (स) मूर्ख, (द) साक्षर।

**(ii) जहाँ एक ही शब्द के दो या दो से अधिक अर्थ होते हैं, वहाँ होता है—**

(अ) अनुप्रास अलंकार, (ब) यमक अलंकार, (स) श्लेष अलंकार, (द) उपमा अलंकार।

**(iii) बच्ची माँ को खिलाने आई थी—**

(अ) खाना, (ब) मिट्टी, (स) पकवान, (द) फल।

**(iv) गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर रहते थे—**

(अ) शान्ति निकेतन, (ब) तक्षशिला, (स) साबरमती, (द) सेवाग्राम।

**(v) रामचरितमानस के रचयिता हैं—**

(अ) तुलसीदास, (ब) वेदव्यास, (स) कबीरदास, (द) सूरदास।

उत्तर—(i) (अ), (ii) (ब), (iii) (ब), (iv) (अ), (v) (अ)।

**प्रश्न 3. खण्ड 'क' का खण्ड 'ख' से मिलान कर सही जोड़ी बनाइए—** 5 × 1 = 5

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (i) उड़ता चल कबूतर | (अ) एकांकी |
| (ii) कामायनी | (ब) मैथिलीशरण गुप्त |
| (iii) दीपदान | (स) धरा |
| (iv) भूमि | (द) रामवृक्ष बेनीपुरी |
| (v) पंचवटी | (इ) महाकाव्य |

उत्तर—(i) → (द), (ii) → (इ), (iii) → (अ), (iv) → (स), (v) → (ब)।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिए—** 5 × 1 = 5

(i) मुक्तक काव्य का प्रत्येक छन्द स्वतन्त्र होता है।

(ii) भूपति में 'ति' उपसर्ग है।

(iii) दिठौना का अर्थ दिखलाना होता है।

(iv) स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में व्याख्यान दिए।

(v) 'हल्दीघाटी' कविता में महाराणा प्रताप के युद्धकौशल का वर्णन है।

उत्तर—(i) सत्य, (ii) असत्य, (iii) असत्य, (iv) सत्य, (v) सत्य।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य या एक शब्द में दीजिए—** 5 × 1 = 5

(i) भक्तिकाल की रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि कौन हैं ?

(ii) निबन्ध का क्या अर्थ है ?

(iii) जीवक किस शास्त्र के विद्वान थे ?

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

(iv) दोहा छन्द में कुल कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(v) "चार दिन की चाँदनी फिर अन्धेरी रात" लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।

उत्तर–(i) तुलसीदास, (ii) किसी विषय पर व्यवस्थित ढंग से विचारों तथा भावों की क्रमिक रूप से प्रस्तुत की जाने वाली गद्य रचना निबन्ध कहलाती है, (iii) आयुर्वेद चिकित्साशास्त्र, (iv) 48, (v) थोड़ी अवधि का सुख।

**प्रश्न 6.** कृष्ण और सुदामा कौन थे ? **2**

*अथवा*

'निशीथ का दीया' क्या ला रहा है ?

**प्रश्न 7.** 'स्वाति एक गुण तीन' से कवि का क्या आशय है ? **2**

*अथवा*

रैदास ने प्रभु से अपना सम्बन्ध किस रूप में निरूपित किया है ?

**प्रश्न 8.** जीवन का सच क्या है ? **2**

*अथवा*

प्रिय के बोलने में कवि को किसकी वर्षा होती दिखाई देती है ?

**प्रश्न 9.** कवि ने कौए के भाग्य की सराहना क्यों की है ? **2**

*अथवा*

'तात राम नहिं नर भूपाला' कथन किसने, किससे कहा है ?

**प्रश्न 10.** रहीम कवि के अनुसार सच्चे मित्र की पहचान क्या है ? **2**

*अथवा*

सुदामा की पत्नी ने उन्हें क्या सलाह दी ?

**प्रश्न 11.** चित्तौड़ का कुलदीपक कौन था ? **2**

*अथवा*

'बहू की विदा' एकांकी किस समस्या पर आधारित है ?

**प्रश्न 12.** 'सुन्दर वन' किसे कहते हैं ? **2**

*अथवा*

शरद जोशी के अनुसार मानव जाति किन दो भागों में बँटी हुई है ?

**प्रश्न 13.** पन्ना कौन थी ? **2**

*अथवा*

बेनीमाधव सिंह के पिता ने गाँव में क्या-क्या बनवाया था ?

**प्रश्न 14.** सत्-साहित्य की रचना कब होती है ?

*अथवा*

इसरो की स्थापना कहाँ एवं किसके द्वारा की गई ?

**प्रश्न 15.** तत्सम एवं तद्भव में क्या अन्तर है ?

*अथवा*

देशज व विदेशी शब्द में क्या अन्तर है ?

**प्रश्न 16.** किन्ही दो खण्डकाव्यों के नाम लिखिए।

*अथवा*

मात्रिक छन्द व वर्णिक छन्द में क्या अन्तर है ?

**प्रश्न 17. निम्नलिखित के विलोम शब्द लिखिए–**

(i) आदान, (ii) रक्षक, (iii) कृत्रिम।

*अथवा*

**निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए–**

(i) निरमल, (ii) विसवास, (iii) कलीयाँ।

**प्रश्न 18.** तमसा नदी की प्राकृतिक सुन्दरता का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

*अथवा*

हमें निराश क्यों नहीं होना चाहिए ?

**प्रश्न 19.** वीर रस की परिभाषा देकर एक उदाहरण दीजिए। 3

*अथवा*

करुण रस की परिभाषा व एक उदाहरण दीजिए।

**प्रश्न 20.** वीरगाथा काल के चार कवियों के नाम उनकी एक-एक रचनाओं के साथ लिखिए। 4

*अथवा*

भक्तिकाल की प्रमुख चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**प्रश्न 21.** उपन्यास के प्रमुख तत्त्व लिखते हुए किन्हीं दो प्रमुख उपन्यासों के नाम लिखिए। 4

*अथवा*

रिपोर्ताज से आप क्या समझते हैं ? लिखिए।

**प्रश्न 22. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए–** 4

*पायो जी मैंने, रामरतन धन पायौ।*
*वस्तु अमोलक दी मेरे सद्गुरु, किरपा करि अपनायौ॥*
*जनम-जनम की पूँजी पाई, जग में सभी खोवायौ।*
*खरचै घटै नहिं कोई चोर न लेवै, दिन-दिन बढ़त सवायौ।*
*सत की नाव खेवटिया सतगुरु, भवसागर तर आयौ।*
*मीरा के प्रभु गिरधर नागर, हरख-हरख जस गायौ॥*

*अथवा*

*भले बुरे सब एक से, जौं लौं बोलत नाहिं।*
*जान परतु है काक पिक, रितु बसंत के माहिं॥*
*सबै सहायक सबल के, कोउ न निबल सहाय।*
*पवन जगावत आग कौं, दीपहिं देत बुझाय॥*

**प्रश्न 23. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की सन्दर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए–4**

"बीज भूमि में बो दिया गया और मिट्टी, वायु तथा जल उसके चारों ओर रख दिए गए, तो क्या वह बीज मिट्टी हो जाता है ? अथवा वायु या जल बन जाता है ? नहीं, वह तो वृक्ष ही होता है। वह अपनी वृद्धि के नियम से ही बढ़ता है। वायु, जल और मिट्टी को अपने में पचाकर, उनको उद्भिज पदार्थ में परिवर्तित करके एक वृक्ष हो जाता है।"

*अथवा*

मनुष्य का हृदय बड़ा ममत्व प्रेमी है। कैसी भी उपयोगी और कितनी ही सुन्दर वस्तु क्यों न हो, जब तक मनुष्य उसको पराई समझता है तब तक उससे प्रेम नहीं करता। किन्तु भद्दी से भद्दी और काम में न आने वाली वस्तु को भी यदि मनुष्य अपनी समझता है तो उससे प्रेम करता है।

**प्रश्न 24. कवि 'रहीम' *अथवा* 'गिरिजाकुमार माथुर' का काव्यगत परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए–** 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भावपक्ष-कलापक्ष, (iii) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 25. 'प्रेमचन्द' *अथवा* 'शरद जोशी' का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए–** 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाषा-शैली, (iii) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज से अलग उसके अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। परिचित तो बहुत होते हैं, पर मित्र बहुत कम होते हैं। क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है, जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है। मैत्री में सबसे आवश्यक है, परस्पर विश्वास। मित्र ऐसा सखा, गुरु और माता है, जो सबके स्थानों को पूर्ण करता है।

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

**(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।** 2

**(ii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।** 2

**(iii) मैत्री में कौन-कौन से भाव सम्मिलित हैं?** 1

**प्रश्न 27.** अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए। 5

*अथवा*

अपनी संस्था के प्राचार्य को अपनी निर्धनता का उल्लेख करते हुए "बुक बैंक" से पुस्तकें दिलवाने हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

**प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए—** 7

**(i)** वन महोत्सव, **(ii)** दूरदर्शन और उसका महत्व, **(iii)** विज्ञान और मानव, **(iv)** दहेज प्रथा, **(v)** जल ही जीवन है।

**(ब)** उपर्युक्त दिये गये विषयों में से निबन्ध लिखे गये विषय को छोड़कर अन्य किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए। 3

http://www.a2zSubjects.com